प्रेषक,

महेश कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 02 सितम्बर, 2021

**विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0 योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख/अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के चालू कार्यो हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।**

महादेय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-70/37पी0जे0(आ0)/आर.एस.डी.-5/21, दिनांक 05.08.2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा स्वीकृत विभिन्न जनपदों यथा बलिया, बस्ती, देवरिया, सीतापुर, मेरठ, बागपत व बिजनौर के 12 चालू कार्यो हेतु सूची के स्तम्भ-9 के अनुसार रू0 43,61,61,000/- (रूपये तैंतालिस करोड़ इकसठ लाख इकसठ हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि केवल उल्लिखित परियोजनाओं पर ही मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

3- नाबार्ड योजनान्तर्गत निर्माणाधीन मार्गों के गुणवत्तायुक्त निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में वित्तीय स्वीकृतियों निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- संलग्न तालिका के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

क्रमशः...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6- इस संबध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय 04-जिला तथा अन्य सड़कें, 337-सड़क निर्माण कार्य, 83-नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0 योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख/अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के चालू कार्यो हेतु एकमुश्त व्यवस्था, 00, 24-वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राविधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

**संलग्नक-यथोक्त ।**

भवदीय,

( महेश कुमार )
विशेष सचिव

**संख्या उपरोक्त एवं तददिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
4- संबंधित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी ।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) / वित्त नियंत्रक, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
7- संबंधित अधिशासी अभियन्ता।
8- लोक निर्माण अनुभाग-10।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( राजेन्द्र प्रसाद )
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

## शासनादेश संख्या-136/2021/789/23-9-2021-10नाबार्ड(ओडीआर)/2017, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | शासनादेश संख्या | स्वीकृत लम्बाई (कि0मी0 में) | स्वीकृत लागत | अब तक आवंटन/व्यय | अद्यतन अवशेष | वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बलिया | जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय हेतु मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण | 36/2020/95/23-9-2020-01नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/2019, दि0 24.02.2020 | 5.40 | 832.04 | 402.71 | 429.33 | 388.00 |
| 2 | बलिया | दिघार पियरौटा से रेवती तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 36/2020/95/23-9-2020-01नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/2019, दि0 24.02.2020 | 8.33 | 1819.31 | 334.76 | 1484.55 | 454.83 |
| 3 | बस्ती | बभनान से गौर टिनिच वाया वाल्टरगंज भिटिया चौराहा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 13/2019/155/23-9-2019-15नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/2018, दि0 01.03.2019 | 25.00 | 4994.51 | 4744.78 | 200.75 | 200.75 |
| 4 | बस्ती | सिकन्दरपुर मसकनवा सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 1 से 14 में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य | 36/2020/95/23-9-2020-01नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/2019, दि0 24.02.2020 | 14.00 | 2463.73 | 2340.54 | 115.19 | 115.19 |
| 5 | देवरिया | लाहिलपार महु आपाटन करौदा मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण | 45/2021/118/23-9-2021-12नाबार्ड; (ओडीआर)2020, दि0 25.02.2021 | 12.10 | 2142.09 | 294.20 | 1847.89 | 535.52 |
| 6 | देवरिया | रतनपुर महु आपाटन (लंगड़ा मोड़) से धुसवा रामपुर अवस्थी मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 45/2021/118/23-9-2021-12नाबार्ड; (ओडीआर)2020, दि0 25.02.2021 | 7.20 | 1418.15 | 194.77 | 1223.38 | 354.54 |
| 7 | देवरिया | बजंरिया देवरिया घुस मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 45/2021/118/23-9-2021-12नाबार्ड; (ओडीआर)2020, दि0 25.02.2021 | 5.75 | 1066.40 | 146.46 | 919.94 | 266.60 |
| 8 | देवरिया | तरकुलवा बंजरिया मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 45/2021/118/23-9-2021-12नाबार्ड; (ओडीआर)2020, दि0 25.02.2021 | 6.50 | 1358.61 | 186.59 | 1172.02 | 339.65 |
| 9 | सीतापुर | लहरपुर तम्बौर रतनगंज मार्ग (प्र0जि0मा0-83सी) के किमी 1 से 25(800) एवं बेहटा मोहम्मदपुर उसिया सैदापुर सुमिरांवा सकरन मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0 1 से 3 का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 13/2019/155/23-9-2019-15नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/2018, दि0 01.03.2019 | 27.80 | 3367.55 | 2462.34 | 905.21 | 736.80 |

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | शासनादेश संख्या | स्वीकृत लम्बाई (कि0मी0 में) | स्वीकृत लागत | अब तक आवंटन/व्यय | अद्यतन अवशेष | वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | मेरठ | मेरठ-सरधना (नानू सरधना का शेष भाग) मार्ग का 02 लेन पैब्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण/ सुदृढ़ीकरण का कार्य | 36/2020/95/23-9-2020-01नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/ 2019, दि0 24.02.2020 | 5.07 | 1070.24 | 807.02 | 263.22 | 214.22 |
| 11 | बागपत, | किशनपुर बराल गांगनौली दोघट पुसार होते हुये बरनावा मार्ग (अ0जि0मा0) के चैनेज 11.550 से 23.000 तक मार्ग का चौड़ीकरण एंव सुदृढ़ीकरण का कार्य | 75/2020/426/23-9-2020-11नाबार्ड (ओडीआर)/2020, दि0 27.03.20 | 11.45 | 1915.85 | 1310.87 | 604.98 | 478.96 |
| 12 | बिजनौर | दतियाना चॉदपुंर नूरपुर मार्ग (प्र0जि0मा0 सं0-30 डबलू) के चैनेज 0.000 कि0मी0 से 7.25 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | 36/2020/95/23-9-2020-01नाबार्ड (ओ0डी0आर0)/ 2019, दि0 24.02.2020 | 7.25 | 1106.19 | 593.57 | 512.62 | 276.55 |
| | | | **कुल योग-** | **135.85** | **23554.67** | **13818.61** | **9679.08** | **4361.61** |

**(अवमुक्त धनराशि रू0 तैंतालिस करोड़ इकसठ लाख इकसठ हजार मात्र)**

( राजेन्द्र प्रसाद )
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।